<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली पर प्रशिक्षण का आयोजन</u>

पंतनगर। 5 अगस्त 2024। निदेशक कोषागार पेंशन एवं हकदारी, देहरादून के निदेशक दिनेश चन्द्र लोहनी द्वारा राज्य में दिनांक 1.10.2005 से लागू राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) का क्रियान्वयन सुगमतापूर्वक किये जाने हेतु राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने हेतु आदेशित किया था। इसी परिप्रेक्ष्य में सोमवार को विश्वविद्यालय के गांधी हॉल में विश्वविद्यालय के सभी लेखा कर्मियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) संबंधी कार्य एवं उनके उत्तरादायित्वों पर एक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। एनएसडीएल के प्रशिक्षक रमेश चन्द्र व कोषागार पेंशन हकदारी, देहरादून के लेखाधिकारी योगेन्द्र कुमार ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के सभी पहलुओं पर लेखा कर्मियों को जानकारी से अवगत कराया। विश्वविद्यालय की नियंत्रक आभा गर्खाल के दिशा–निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान लेखाधिकारी सतीश चन्द्र, सहायक लेखाधिकारी रजनीश कुमार (पेंशन व एनपीएस), लेखाकार घनश्याम सिंह व सहायक लेखाकार चमन वर्मा आदि की विशेष भूमिका रही।

1: कार्यक्रम में प्रशिक्षण देते एनएसडीएल के प्रशिक्षक रमेश चन्द्र।